VEER ARJUN, Delhi, 25.6.2023
Page No. 11, Size:(4.03)cms X (7.91)cms.

आईओसी को पीछे छोड़ गेल ने हासिल किया गुरदासपुर-जम्मू गैस पाइपलाइन बिछाने का लाइसेंस

नई दिल्ली, (भाषा)। देश की सबसे बड़ी गैस वितरक कंपनी गेल इंडिया लिमिटेड ने इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) को पछाड़कर पंजाब में गुरदासपुर से जम्मू तक गैस पाइपलाइन बिछाने का लाइसेंस हासिल कर लिया है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) ने यह जानकारी दी। पीएनजीआरबी ने बयान में कहा कि उसने गुरदासपुर-जम्मू गैस पाइपलाइन के लिए जनवरी में आवेदन एवं बोलियां मांगी थीं।बयान के अनुसार, गुरदासपुर-जम्मू प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के लिए निविदा दाखिल करने के अंतिम तिथि 17 मई, 2023 थी। दो कंपनियों गेल इंडिया लिमिटेड और आईओसी ने निविदाएं दाखिल की थीं। तकनीकी रूप से दोनों कंपनियां पात्र थीं और वित्तीय बोलियां 21 जून को खोली गईं। पीएनजीआरबी ने कहा, वित्तीय निविदाओं की प्राथमिक मूल्यांकन करने के बाद पाया गया कि कुल मिलाकर सबसे ऊंचा स्कोर गेल का रहा और गुरदासपुर-जम्मू प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के लिए उसका चयन किया गया है।

GAIL accredited with AEO T3 status

GAIL (India) Limited has been accredited with Authorized Economic Operator (AEO) T3 Status which is a highest level of facilitation for Importers & Exporters by Central Board of Indirect Taxes and Customs, Ministry of Finance. The coveted AEO T3 Certificate was handed over by Shri Naveen Kumar Jain, Principal Commissioner, and Directorate of International Customs to Shri R. K. Jain, Director (Finance), GAIL in a ceremony on June 23 , 2023.

The Statesman
PEOPLE'S PARLIAMENT, ALWAYS IN SESSION